Navbharat

Lagat ghatne aur mang badhne se faida JK Paper

Date: 16/05/2018 | Edition: Bhubaneshwar | Page: 9 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 6 H: 7

India Media Monitor

Clip: 1 of 1

लागत घटने और मांग बढ़ने से फायदा : जेके पेपर

नई दिल्ली. ए. वित्त वर्ष 2018 की चौथी तिमाही में जेके पेपर का मुनाफा 30.3 फीसदी बढ़कर 73 करोड़ रुपये रहा है. वित्त वर्ष 2017 की चौथी तिमाही में जेके पेपर का मुनाफा 56 करोड़ रुपये रहा था. वित्त वर्ष 2018 की चौथी तिमाही में जेके पेपर की आय 6.2 फीसदी बढ़कर 799 करोड़ रुपये रहा है. वित्त वर्ष 2017 की चौथी तिमाही में जेके पेपर की आय 752 करोड़ रुपये रही थी. जेके पेपर की आय का 62 फीसदी हिस्सा अनकोटेड पेपर से आता है. अनकोटेड पेपर में इसका 27 फीसदी मार्केट शेयर है. जेके पेपर की अनकोटेड पेपर उत्पादन क्षमता 2.92 लाख टन, कोटेड पेपर पेपर उत्पादन क्षमता 54000 टन, पैकेजिंग बोर्ड उत्पादन क्षमता 90000 टन है. कंपनी की कुल पेपर उत्पादन 4.55 लाख टन है.